हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, सोमवार, 10 फरवरी 2025

11 मांगों को लेकर 15-16 फरवरी को कुरुक्षेत्र में करेंगे विरोध...



12 बुजुर्ग एथलीट रामकिशन ने नेशनल प्रतियोगिता ...



## खबर संक्षेप

### सीआईए स्टाफ-2 ने सट्टा खाईवाली करते पकड़ा

**भिवानी।** जिला पुलिस भिवानी द्वारा जिले में जुआ व सट्टा खेलने वाले आरोपियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया हुआ है। सीआईए स्टाफ-2 ने तोशाम बाईपास भिवानी से व्यक्ति को सरेआम सट्टा खाईवाली करते गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रतनलाल निवासी शास्त्री नगर भिवानी के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने आरोपी से सट्टा पर्ची व 12120 रुपये बरामद किए हैं।

### छात्र पर चाकू से हमला करने के दो आरोपी काबू

**भिवानी।** जिला पुलिस भिवानी के द्वारा जिले में संगीन अपराध करने वाले आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर ऐसे आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने बस स्टैंड भिवानी पर छात्र पर चाकू से हमला कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अनिल निवासी सुरपुरा कला व मनीष निवासी पुराना बस स्टैंड भिवानी के रूप में हुई है।

### जागरण से बाइक चुराने का आरोपित दबोचा

**भिवानी।** जिला पुलिस द्वारा जिले में वाहन चोरी करने वाले आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर ऐसे आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। थाना बवानीखेड़ा पुलिस ने जागरण से बाइक चोरी करने के मामले में आरोपी को बवानीखेड़ा से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अमन निवासी धारण ने थाना बवानीखेड़ा पुलिस को शिकायत बाइक चोरी की शिकायत दर्ज करवाई थी। इस मामले में गिरफ्तार आरोपी की पहचान भारत निवासी वार्ड नंबर-13 बवानीखेड़ा के रूप में हुई है।

### थाना शहर पुलिस ने फरार आरोपी पकड़ा

**भिवानी।** जिला पुलिस ने जिले के विभिन्न थानों में दर्ज अभियोग में फरार चल रहे उद्घोषित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया हुआ है। आठ फरवरी को थाना शहर भिवानी के मुख्य सिपाही पवन कुमार ने एक उद्घघोषित आरोपी को भिवानी से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान रामचंद्र पुत्र पनीलाल निवासी वार्ड नंबर-3 महम गेट भिवानी के रूप में हुई है।

### पुलिस ने मोटर व केबल चुराने का आरोपी पकड़ा

**भिवानी।** जिला पुलिस द्वारा जिले में चोरी की वारदात करने वाले आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर ऐसे आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। थाना सिवानी पुलिस ने गांव नलोई में खेत से मोटर व केबल चोरी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इंद्रसेन निवासी नलोई ने थाना सिवानी पुलिस को खेतों से मोटर व केबल चोरी की शिकायत दर्ज करवाई थी। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सचिन निवासी भेरा के रूप में हुई है।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली से गिरकर व्यक्ति की मौत

**बाढ़ड़ा।** गोपालवास के समीप ट्रैक्टर-ट्रॉली से गिरकर टेंट हाउस संचालक की मौत हो गई। परिजनों ने शुरुआत में चोट के निशान देखकर हत्या की आशंका जताई थी, लेकिन बाद में जानकारी जुटाने पर पता चला कि उसकी ट्रैक्टर-ट्रॉली से गिरने से मौत हुई है। बाढ़ड़ा थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक की पहचान रामलवास निवासी करीब 50 वर्षीय सुरेश के रूप में हुई है। पुलिस को दिए बयान में मृतक सुरेश के बेटे नवीन ने बताया कि उसके पिता ने झोझू कलां में टैंट हाउस की दुकान कर रखी थी।

## विधायक सर्राफ व नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि ने नारियल फोड़ किया शुभारंभ

# शहर को मिली 10.25 करोड़ की सौगात, अब सड़कें होंगी चकाचक



भिवानी। नारियल फोड़कर विकास कार्यों का शुभारंभ करते और विकास कार्यों के शुभारंभ पर पूजन करते विधायक घनश्यामदास सर्राफ व नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह।



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अब जल्द ही पाश कॉलोनी के लोगों को बेहतरीन सुविधाएं मिलने वाली हैं। सड़कों,पार्किंग व पार्कों में जिम व झूले होंगे। रविवार को विधायक घनश्याम दास सर्राफ व नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने शहर को करीब सवा दस करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी।

विधायक सर्राफ ने नारियल फोड़कर उक्त राशि के कार्यों का शिलान्यास किया। इस मौके पर वार्ड संख्या दो के पार्षद संदीप यादव ने विधायक सर्राफ व नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह का आभार जताया। इस दौरान मौजूद लोगों का मुंह मीठा करवाया। विवार को विधायक घनश्यामदास सर्राफ ने नारियल फोड़कर विकास कार्यों का शिलान्यास किया। दस करोड़ रुपये की मिली सौगात में करीब दो करोड़ 11 लाख रुपये की लागत से संचार कॉलोनी की सड़क का निर्माण होगा। इसी तरह हांसी रोड से शहीद भगतसिंह चौक होते हुए महम रोड तक की सड़क का निर्माण करवाया जाना भी शामिल है, इस सड़क के निर्माण में दो करोड़ की राशि खर्च की जाएगी। वहीं पीर बाबा के सामने वाली पार्किंग पर 77 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके बाद उक्त इलाके वाहन पार्किंग की कोई समस्या नहीं रहेंगी। पॉश कॉलोनी सेक्टर 13 के मिढ़ा पार्क के नवीनीकरण पर 13 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। वहीं वरिष्ठ नागरिक कल्ब के नजदीक रोड के निर्माण पर 21 लाख, सीएफसी सेंटर पर 25 लाख तथा पुराना हाउसिंग बोर्ड की पांच सड़कों पर 60 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा पुराना हाउसिंग बोर्ड के डी पार्क पर 34 लाख खर्च कर उसका सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

### लगेंगे झूले व जिम

विवार को विधायक घनश्याम सर्राफ व नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने वार्ड दो के पार्कों में झूले व जिम की मशीन लगवाई जाएंगी। इनके अलावा शहर के अन्य पार्कों का भी जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा।

### जल्द होगा सेक्टर की सड़कों का सौंदर्यीकरण

जल्द ही सेक्टर की सड़कों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। बीपीएस के सामने वाले रोड की मरमत का कार्य जल्द शुरू करवाया जाएगा। वार्ड संख्या दो के पार्षद संदीप यादव की मांग पर ग्रीन बेल्ट का सौंदर्यीकरण, सामुदायिकी केंद्र तथा सेक्टर के बाकी सड़कों का निर्माण कार्य जल्द शुरू करवाया जाएगा।

### बनेगा चार फुट का फुटपाथः सर्राफ

विधायक घनश्याम सर्राफ ने बताया कि उन्होंने रविवार को सेक्टर व साथ लगती कॉलोनियों में करीब दस करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास किया है। उक्त राशि के कार्य दो से तीन माह में पूरे हो जाएंगे। सड़कों के साथ-साथ चार-चार फुट के फुटपाथ बनवाए जाएंगे, ताकि पैदल चलने वाले राहगीरों को किसी प्रकार से आवागमन करने में परेशानी न हो। इसके बाद शहर में विकास कार्य दिखने लगेंगे।

### लोगों को समस्याओं से मिलेगा छुटकाराः भवानी

नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि इन कार्यों के होने के बाद सेक्टर में कोई समस्या नहीं रहेगी। कई दिनों से सेक्टर में बरसाती पानी की निकासी की समस्या थी, अब पाइप लाइन बिछाने के बाद ये समस्या दूर हो जाएगी। इनके अलावा मार्केट में प्लेटफॉर्म, आंबेडकर पार्क के आगे की सड़कों का निर्माण होने से शहर की स्वच्छता को पंख लगेंगे। इस मौके पर वाइस चेयरपर्सन प्रतिनिधि संदीप तंवर, सुभाष तंवर, सूर्या तंवर, अभिषेक ढुग्गल आदि मौजूद थे।

## चोरी से पहले करते थे रैकी, आधी रात के बाद चोरी को देते अंजाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

- पशु चोरों ने पुलिस पर की थी फायरिंग, तीन पुलिसकर्मी हुए थे घायल

गुरुवार रात को पुलिस हत्थे चढ़े पशु चोर दिन में रैकी करते थे और आधी रात के बाद चोरी की घटना को अंजाम देते थे। प्राथमिक जांच में सामने आया कि पशु चोरी में पूरा गिरोह काम कर रहा है। कुछ लोग प्रदेश के अलग अलग जिलों में रैकी करते हैं, उसके बाद यूपी में अपने साथियों को सूचना देते थे। इसके बाद पिकअप गाड़ी से भैंस चोरी करते थे। पुलिस पड़ताल में गिरोह में संलिप्त अन्य लोगों को शिनाख्त होने की संभावना है।

ज्ञात रहे कि पुलिस ने वीरवार रात को पांच पशु चोरों को गिरफ्तार किया था, जो यूपी में भैंस चोरी के मकसद से आए थे। आरोपियों ने पुलिस पर ईंट बरसाई और पुलिस गाड़ी में टक्कर मारी। गिरफ्तार होने के डर से पुलिस पर फायरिंग की थी, जिसमें थाना प्रभारी सहित तीन पुलिसकर्मी घायल हुए थे। जवाबी कार्रवाई के बाद पुलिस ने पांच पशु चोरों को काबू कर लिया था। जांच में सामने आया कि आरोपी प्रदेश के कई हिस्सों में पशु चोरी कर चुके हैं। इस बार उनके निशाने पर दादरी और महेंदगढ़ जिला था, यहां कुछ गांवों में गिरोह के लोगों ने रैकी कर चोरी का प्लान बनाया था। पशु चोरी के लिए उन्होंने यूपी के बुलंदशहर जिला के बरतोली निवासी साथियों को सूचना दी, जो पिकअप गाड़ी लेकर यहां पहुंचे थे, लेकिन पुलिस ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया।

### महीने में 10 जगह चोरी

दादरी और साथ लगते महेंदगढ़ जिला के गांवों में पिछले 10 जगह भैंस चोरी हो चुकी थी। इनमें से कीमती दुधारू भैंसों को टारगेट किया गया है। चोरी के बाद भैंसों को यूपी में बेचा जाता था। पशु चोर पुलिस के लिए सिर दर्द बने हुए थे। **फेरी की आड़ में रैकी :** पशु चोर गिरोह के सदस्य गांवों में कटड़े खरीदने की आड़ में रेकी करते थे। ये लोग गांव गांव घूमकर फेरी लगाकर रेकी करते थे। रेकी में ये पता लगाते थे कि पशु मालिक का बाड़ा मकान से कितनी दूर है और बाड़े में कोई सोता है या नहीं। चोर मकान से दूर बने पशु बाड़े से भैंस चोरी करते थे।

## कुकर्म का आरोपी गिरफ्तार, कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेजा जेल

- एफएसएल टीम ने किया घटनास्थल का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

बीते दिवस लोहारू में चाट विक्रेता द्वारा कथित रूप से 13 वर्षीय मासूम के साथ किए कुकर्म एवं अनैतिक कार्य के मामले में लोहारू थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। रविवार को पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां न्यायालय ने आरोपी सुरेश को न्यायिक हिरासत में जिला जेल भिवानी भेज दिया। बीते दिवस मुकदमा दर्ज होने के बाद मौके पर पहुंची एफएसएल की टीम ने घटनास्थल का दौरा किया तथा पीड़ित मासूम का सीएचसी लोहारू में मेडिकल करवाया।

थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी सुरेश को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया तथा न्यायालय ने आरोपी को जिला जेल भिवानी भेज दिया। उन्होंने बताया कि एफएसएल की टीम भी मौके पर बुलाई गई तथा टीम ने घटनास्थल का भी निरीक्षण किया। बता दें कि कस्बे के वार्ड नंबर 12 निवासी व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत देकर चाट विक्रेता दुकान के मालिक पर अपने 13 वर्षीय मासूम के साथ कुकर्म एवं अनैतिक कार्य करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने आरोपी सुरेश के खिलाफ के मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को रविवार को न्यायालय में पेश किया, जहां न्यायालय नेआरोपी को न्यायिक हिरासत में जिला जेल भिवानी भेजने के आदेश दे दिए। उधर घटना की सूचना के बाद पूरे शहर में चर्चाओं बाजार गर्म रहा तथा लोगों ने कड़े शब्दों में घटना की निंदा की।

वहीं अनेक लोगों ने मामले में दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। लोगों को कहना है कि आरोपी ने पूरे समाज एवं शहर को कलंकित करने का काम किया है, ऐसे व्यक्ति को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

### कुकर्म करने व धमकी देने का आरोपी पकड़ा

**भिवानी।** थाना बवानीखेड़ा पुलिस ने शारीरिक व मानसिक रूप से विकलांग लड़के के साथ कुकर्म करने के मामले में दूसरे आरोपी को बवानीखेड़ा से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गांव बलियाली निवासी व्यक्ति ने बवानीखेड़ा पुलिस थाने को शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसमें कियतकर्ता ने पुलिस को बतलाया कि उनका छोटा भाई मानसिक व शारीरिक रूप से विकलांग है। गत दो फरवरी की रात को जनरल स्टोर की दुकान पर घर का सामान लेने गया था।

## कैंप में 36 युवाओं ने रक्तदान कर कमाया पुण्य

- आंख व सामान्य रोग के 159 मरीज जांच व दवा बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



मॉडल दादरी जिला बनाओ संगठन ने गांव अटेला, डोहका व रामपुरा में रक्तदान व मेडिकल कैंप लगाए। कैंपों की अध्यक्षता श्रवण सांगवान, हितेंद्र सांगवान, नरेश भारद्वाज ने की तथा मुख्यतिथि नंबरदार परसाराम, मास्टर हरीप्रकाश, बलबीर सिह रहे। रक्तदान कैंप में एम्स बाढ़सा के चिकित्सकों ने 36 यूनिट रक्त एकत्रित किया, बैज लगाकर युवाओं की हौसला अफजाई की। मेडिकल कैंपों में आई केयर, आई क्यू, रोग निदान के चिकित्सकों प्रवीन, शालिनी, प्रदीप व सहयोगियों ने आंख व सामान्य रोग के 159 मरीज जांच व दवा वितरण हुआ।

संगठन युवा विंग अध्यक्ष अधिवक्ता अनिल बलवान साहू ने कहा कि कभी भी किसी भी परिस्थिति के सामने घुटने टेकने के लिए अगर आपका हृदय कहे तो एक बार ठंडे दिमाग से समस्त चीजों पर विचार करे, हो सकता है कि किसी गलत राह पर आप जा रहे हो तो बुजुर्गों का मार्गदर्शन अवश्य ले।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर नवीन सांगवान, महेंद्र, प्रताप सिंह, अमन यादव, सतीश, विरेंद्र जांघू, रवि सांगवान, प्रताप यादव, नवीन, उमेद, स्वतंत्र चौधरी, कुलदीप, बख्तावर, सुबेदार मेजर अनूप सिंह, सुबेदार मेजर करतार, पप्पू, विकास सांगवान, मोहित, बुगला, प्रवीन, निनी, जोरा, रामकुमार डाला, नरबीर, अशोक पहलवान, बख्शी सांगवान आदि मौजूद रहे।

## पीएमश्री स्कूलों की राज्य स्तरीय खेलों के लिए खिलाड़ियों का दल करनाल रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद पंचकूला के तहत राज्य भर में स्थापित पीएम श्री विद्यालयों की राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन 10 फरवरी से 11 फरवरी तक करन स्टेडियम करनाल में किया जाएगा । इस प्रतियोगिता में जिले से जिला स्तर पर प्रथम रहने वाले 44 बच्चों के दल को रवाना करते हुए सहायक परियोजना संयोजक विवेक अदलखा तथा पीएमश्री विद्यालयों के जिला नोडल अधिकारी सहायक परियोजना संयोजक कर्मवीर सिंह ने बताया कि राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में एथलेटिक्स में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, 4 गुणा 100 मीटर रिले रेस, लंबीकूद, ऊंची कूद, डिस्कस थ्रो व शॉटपुट थ्रो की प्रतिस्पर्धा आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता का जिलास्तर पर आयोजन 28 व 29 जनवरी को भीम स्टेडियम में किया गया था तथा जिला स्तर पर विभिन्न प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र एवं छात्राएं दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।



भिवानी। विज्ञान प्रदर्शनी के विजेताओं का स्वागत करते स्टाफ सदस्य।

## चौधरी बंसीलाल कॉलेज के छात्रों को विज्ञान प्रदर्शनी में मिला दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

भिवानी के महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में लोहारू के चौधरी बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कॉलेज का नाम रोशन किया। छात्रों विनय व ममता द्वारा प्रस्तुत मनोविज्ञान विषय के मॉडल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इसके लिए प्राध्यापिका डॉ. पूनम और सोनिका के मार्गदर्शन में सचिन व जतिन के भौतिकी विज्ञान के मॉडल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय पहुंचने पर विजयी छात्रों का जोरदार स्वागत किया गया। कार्यकारी प्राचार्य डॉ. उमेद जांगड़ा ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि महाविद्यालय के लिए गर्व की बात है। शिक्षकों व विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और लग्न ने यह सफलता दिलाई है। इस मौके पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुखवीर सिंह, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. बजरंग, डॉ. सीमा काजला, पिंकी, सरिता, डॉ. पूनम, डॉ. मीनेश व डॉ. विनोद मान आदि मौजूद रहे।

### राखीगढ़ी के ऐतिहासिक स्थल का किया भ्रमण

चौधरी बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने हड़प्पा कालीन ऐतिहासिक स्थल का भ्रमण किया। हरियाणा पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग पंचकुला के निर्देशन में महाविद्यालय के छात्रदल ने शैक्षणिक भ्रमण कर हड़प्पा कालीन स्थल राखीगढ़ी में पुरातात्विक उत्खनन का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इतिहास के प्रोफेसर अनिरुद्ध पूनियां ने बताया कि राखीगढ़ी स्थल भारत का हड़प्पा युग का सबसे विशाल स्थल है। यह एक नगरीय सभ्यता थी जो अपनी अद्वितीय नगर योजना और जल निकासी प्रणाली के लिए प्रसिद्ध है। हरियाणा में हड़प्पा के लगभग 1700 स्थल हैं। राखीगढ़ी मे सात टीले में बस्तियों के अवशेष मौजूद है। भ्रमण में इतिहास के प्रोफेसर अनिरुद्ध पूनिया, रमेश, विजय, अनिल तथा एमए इतिहास के राकेश, मनीष और मनोज शामिल रहे।

## कुछ ने डेरा महंत पर जताई सहमति तो कुछ ने किया विरोध

# नपा चेयरमैन चुनाव को लेकर कस्बावासी एकजुट

- 16 सदस्यीय कमेटी करेगी निर्णय


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा



भिवानी। डेरा बाबा जर्नानाथ में बैठक के दौरान विचार रखते वक्ता।

बवानीखेड़ा नगर पालिका चुनावों में चेयरमैन को लेकर गहमागहमी चल रही है। लगभग दो दर्जन के करीबन चैयरमैन के दावेदार हैं, वहीं डेरा बाबा रामरूप के महंत बाबा गुमानदास का नाम सुर्खियों में आने को लेकर विधानसभा चुनावों में डेरा बाबा जर्नानाथ में हुई बैठक और विधायक कपूर वाल्मीकि पर बनी सहमति से कस्बा को जीत हासिल हुई।

उसी तर्ज पर छोटी सरकार में भी सहमति से डेरा के महंत पर नाम मनोनित करने को लेकर बैठक हुई। बैठक में चेयरमैन पद के दावेदारों सहित अन्य समाजसेविया में जगदंबा महता, दिलबाग भाकर, सतपाल शर्मा, हिम्मत तवंर, बच्चन तवंर, ज्ञान गुलाटी, मैनपाल कौशिक, मोहित यादव, संजय महता, उमेश भारद्वाज, राजमल पाराशर, नवीन गक्खड़ आदि ने शिरकत की। बैठक में कुछ ने डेरा के महंत पर सहमती तो कुछ ने विरोध किया। बैठक में कुछ ने सर्वसमती से महंत के नाम पर मोहर लगाई तो कुछ ने विरोध कर कहा कि डेरा व डेरे की मंहत की बहुत मान्यता है, ये राजनीति झूठी दलदल है, जिससे डेरा व महंत की मर्यादा धूमिल होने का भय है। मीटिंग में ये भी बात हुई कि जो चुनाव लड़ता है, वह जीत के लिए सब कुछ दाव पर लगा देता है और इससे अपराध, नशे को बल मिलता है। बैठक में सोनू, मुकेश ने कहा कि महंत को चुनाव नहीं लड़ना चाहिए, यदि महंत के बराबर में कोई चुनाव लड़ता है और महंत को शिकस्त होती है तो भी बुरा है। बैठक में समाजसेवी सुभाष शर्मा ने बताया कि इस बारे उनकी महंत बाबा गुमानदास से बातचीत हुई और उन्होंने बताया कि सर्वसमाज उन्हें इस पद के लिए मनोनित करता है तो वे राजी हैं, अन्यथा नहीं। वहीं अब इस फैसले को कमेटी तय करेगी।



## गुजरी महल

हरियाणा में कई प्रसिद्ध ऐतिहासिक जगहें मौजूद हैं। हरियाणा की ऐतिहासिक जगहें सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि विश्व भर में फेमस है। हिसार में मौजूद गुजरी महल एक प्राचीन और प्रमुख ऐतिहासिक जगह है। इस महल का निर्माण फिरोजशाह तुगलक ने करवाया था। बता दें कि ताजमहल की तरह ही ये भी प्रेम की निशानी है। दरअसल, फिरोजशाह तुगलक ने अपनी प्रेमिका गुजरी के लिए इस महल का निर्माण करवाया था। इस महल के अंदर दीवान–ए–आम और बरदारी भवन भी प्रसिद्ध हैं।

# अंग्रेजों ने हरियाणा क्षेत्र के सहारे किया था शासन

इतिहास

यशपाल गुलिया

अंग्रेजों ने दिल्ली सिंहासन पर अधिकार जमाने के लिए हरियाणा को सहायक बनाने की रणनीति को कारगर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। हरियाणा के उत्तरी और दक्षिणी के इलाकों को अलग-अलग रियासतें और जागीरें बनाकर दिल्ली के तीन तरफ छावनियां गठित करके अंग्रेजों ने शासन किया। हरियाणा में 'बांटो और राज करो' की नीति के तहत प्रलोभन देकर हरियाणा को सहायक बनाकर अपने शासन को सशक्त बनाया। वहीं भारतीय शासक महाराजा रणजीत के निधन के बाद उन्होंने लाहौर से



अफगानिस्तान तक आक्रमण किये। हरियाणा में आज भी अंग्रेजों की गठित छावनियों और और जागीरों के प्रमाण देखे जा सकते हैं। दिल्ली में अंग्रेजी शासन को सशक्त बनाने के लिए हरियाणा को सहायक बनाने की रणनीति के तहत 1803 में जब अंग्रेज अत्याधिक सुनियोजित ढंग से आगे बढ़ते हुए दिल्ली तक पहुंचे तो तत्कालीन परिस्थितियों का सूक्ष्मता से आकलन करते हुए सितम्बर 1803 में दिल्ली पर धावा बोल दिया। तब दिल्ली में नाममात्र बादशाह शाह आलम न केवल अन्धा था, बल्कि मराठा नेता सिन्धिया के संरक्षण में विराजमान था और मराठों का सेनापति जनरल पैरों (फ्रान्सिसि) अंग्रेजों से मिल चुका था। इसलिए अंग्रेजों ने उपलब्ध मराठा सेना से एक दिन का औपचारिक युद्ध करके दिल्ली सिंहासन पर अधिकार किया था। उसके बाद उन्होंने दिल्ली पर अपने शासन को स्थायित्व कायम रखने के लिए नई सैन्य व्यवस्था स्थापित की।

इसके लिए दिल्ली के तीन तरफ स्थित हरियाणा क्षेत्र में नई छावनियां गठित करनी पड़ी। दरअसल, वर्ष 1803 के आस पास वर्तमान हरियाणा क्षेत्र के उत्तर में जीन्द, कैथल, नारायणगढ़, कुन्जपुरा, अम्बाला, पटियाला, लाडवा, रादौर आदि विभिन्न छोटे-छोटे रजवाड़े बने हुए थे। जबकि हरियाणा के दक्षिण पश्चिम में बल्लभगढ़, फरुखनगर, बहादुरगढ़ एवं साथ लगते राजपुताना राज्य थे। इसलिए वे सभी अपने-अपने सैन्य सामर्थ्य अनुसार इकट्ठे होकर दिल्ली स्थित अंग्रेजों के लिए खतरा उत्पन्न कर सकते थे। ऐसी परिस्थितियों में अंग्रेजों ने 'बांटो व राज करो' की नीति के अतिरिक्त प्रलोभन देकर अपने सहायक बनाने की नई रणनीति निर्धारित की थी। नई छावनी बनाने की नीति के अनुसार अंग्रेजों ने सर्वप्रथम 1805 में करनाल को सैन्य ठिकाना बनाया ताकि इससे उत्तर हरियाणा स्थित छोटे-छोटे शासकों पर तो नियन्त्रण रहेगा ही, बल्कि पंजाब की तरफ आगे बढ़ने में भी करनाल छावनी सहायक सिद्ध होगा। इसी प्रकार दक्षिण हरियाणा व राजपुताना राज्यों पर नियन्त्रण रखने के लिए अंग्रेजों ने 1808 के आसपास भाड़ावास में नई छावनी बना ली। भाड़ावास, रेवाड़ी के पास एक गांव है जहां अंग्रेजों के बारुदखानों आदि के खंडहर आज भी देखे जा सकते हैं। यद्यपि 1819 में उन्होंने भाड़ावास छावनी को गुड़गांव मे शिफ्ट कर लिया था, जिसको हिदायतपुर छावनी का नाम दिया गया था।



भाड़ावास छावनी में मौजूद खंडहर अवस्था में बारुद खाना के अवशेष।

**अंग्रेजों ने वर्तमान हरियाणा का सम्पूर्ण क्षेत्र अपने सहायकों में बांटकर नई नवाबी तथा जागीरें स्थापित कर डाली। 1804 से झज्जर को रियासत बनाकर निजाबत अली खां को प्रथम नवाब बना दिया। ऐसे ही पटौदी को फैज तलब खां, मेवात व लोहारू को अहमद बक्स खां, दुजाना को अब्दुस समद खां को सौंप दिया।**


### हरियाणा में बनाई कई रियासतें

अंग्रेजों ने इन सैन्य तैयारी के साथ-साथ दूसरा महत्त्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक कदम नई रियासतें बनाने का उठाया था। उन्होंने वर्तमान हरियाणा का सम्पूर्ण क्षेत्र अपने सहायकों में बांटकर नई नवाबी तथा नई जागीरें स्थापित कर डाली। जैसे 1804 से झज्जर को रियासत बनाकर निजाबत अली खां को प्रथम नवाब बना दिया। ऐसे ही पटौदी को फैज तलब खां, मेवात व लोहारू को अहमद बक्स खां, दुजाना को अब्दुस समद खां को सौंप दिया और उनके सामने दो शर्त थौंप दी गई। इनमें प्रथम तो बाह्य आक्रमण से ये नवाब अपनी सुरक्षा स्वयं करेंगे तथा दूसरी शर्त आवश्यकता पड़ने पर अंग्रेजों को 200-200 घुड़सवार सैनिक उपलब्ध करवाने होंगे। इस प्रकार अंग्रेजों के दिल्ली पर अधिकार करने व अलग प्रकार की शासन व्यवस्था से हरियाणा में पहले से स्थापित छोटे शासक भयभीत हो गए थे। जैसे फरुखनगर, बल्लभगढ़, जीन्द व अन्य सिख शासकों ने अंग्रेजों के सामने नतमस्तक होकर न केवल उनकी प्रभुसत्ता स्वीकार की, बल्कि महाराजा रणजीत से खतरे को देखते हुए अपनी सुरक्षा की गुहार तक लगा डाली। इस प्रकार अंग्रेजों को दिल्ली में अपना शासन सुदृढ़तापूर्वक कायम करने में कोई कठिनाई नहीं हुई। मेवात क्षेत्र के उत्पाती व लुटेरों पर नियन्त्रण करने के लिए विलियम फ्रेंजर को एक नया सैन्य दल गठित करने के आदेश दिए गए। फ्रेंजर ने फिरोजपुर झिरका में उसी एक किलानुमा अहाता बनाकर अपना नया घुड़सवार दल बना लिया।

**अंग्रेजों ने 'बांटो व राज करो' और अतिरिक्त प्रलोभन देकर अपने सहायक बनाने की नई रणनीति निर्धारित की थी। नई छावनी बनाने की नीति के अनुसार सर्वप्रथम 1805 में करनाल को सैन्य ठिकाना बनाया ताकि इससे उत्तर हरियाणा स्थित छोटे-छोटे शासकों पर तो नियन्त्रण रहेगा ही, बल्कि पंजाब की तरफ आगे बढ़ने में भी मदद होगी। इसी प्रकार, दक्षिण हरियाणा व राजपुताना राज्यों पर नियन्त्रण रखने के लिए अंग्रेजों ने 1808 के आसपास भाड़ावास में नई छावनी बना ली**

### रियासतें जब्त कर शासक बने अंग्रेज

सविलियम फ्रेजर का 1835 में फिरोजपुर झिरका के नवाब ने कत्ल करवा दिया। तब तक अंग्रेज अत्यन्त शक्तिशाली शासक बन चुके थे। वे अव्यवस्था का आरोप लगाकर रियासतें व जागीरें जब्त करने लग गए थे। अंग्रेजों को तब एकमात्र शक्तिशाली भारतीय शासक महाराजा रणजीत से भय बना रहता था। यद्यपि 1809 से महाराजा के साथ उन्होंने सन्धि कर रखी थी। लेकिन 1839 में महाराजा रणजीत सिंह की मृत्यु हो जाने पर अंग्रेजों ने लाहौर पर आक्रमण करने की तैयारी आरम्भ कर दी। तब सर्वप्रथम उन्होंने करनाल से कैन्ट को अम्बाला में शिफ्ट किया था, जो आज तक विराजमान है। वर्ष 1820 से 1840 तक अंग्रेजों ने वर्तमान हरियाणा क्षेत्र में नए जिले भी गठित कर दिए थे। इससे उनको भूमिकर व लगान प्राप्त करने में सुगमता हो गई थी। इसी प्रकार अंग्रेजों को लाहौर व अफगानिस्तान तक अपना साम्राज्य स्थापित करने में हरियाणा क्षेत्र से उनको अत्यन्त सहायता प्राप्त हुई थी। 1857 का स्वतन्त्रता संग्राम दबाने में भी अंग्रेजों को अम्बाला छावनी सहायक सिद्ध हुई थी। उन्होंने सिरख शासकों की सहायता से अम्बाला में एक बड़ी सेना इकट्ठी करके करनाल व पानीपत के रास्ते दिल्ली की रिज पर पड़ाव लगा लिया था और चार मास तक सेनानियों से युद्ध करके सितम्बर 1857 में दिल्ली पर दोबारा कब्जा कर लिया था।



करनाल कैंट का चर्च टॉवर जोकि 1830 के आसपास अंग्रेजों द्वारा बनाया गया था।

## काव्य संग्रह 'अस्मिता' के अनुवाद से पवन गहलोत ने बनाई पहचान



आजकल प्रसिद्ध साहित्यिक कृतियों का क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद होने लगा है। इसी कड़ी में रोहतक के उभरते लेखक और अनुवादक पवन गहलोत ने हरियाणा साहित्य अकादमी की पूर्व अध्यक्ष डॉ. मुक्ता की पुस्तक 'अस्मिता' का हरियाणवी में अनुवाद करके इस क्षेत्र में अपने शहर का नाम दिल्ली में आयोजित होने वाले विश्व पुस्तक मेले तक पहुंचाया है। इस काव्य संग्रह की अधिकतर कविताएं नारी सशक्तिकरण का संदेश देती हैं। इसकी कुछ कविताओं में पौराणिक संदर्भों का भी जिक्र है जिनकी अनुवाद आमतौर पर जटिल समझा जाता है। दिल्ली में आयोजित विश्व पुस्तक मेले में यूनिक फील प्रकाशन के प्रधान संपादक प्रशांत श्रीवास्तव के साथ इस काव्य संग्रह और अनुवाद के बारे में चर्चा के दौरान पवन गहलोत ने बताया कि अनुवाद के द्वारा किसी भी साहित्यिक कृति के पाठकों का दायरा बढ़ता है। आने वाले समय में अनुवाद के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। वे कहते हैं कि अनुवादक का कार्य चुनौती भरा होता है लेकिन एक समर्पित अनुवादक सतत परिश्रम और धैर्य का परिचय देते हुए किसी एक भाषा के साहित्य को दूसरी भाषा के पाठकों के लिए सुलभ करवाता हैं।




कविता

कुमार



## मां-बाप का प्यार

माँ-बाप का प्यार सच्चा होवे,
जग में इन जैसा ना कोई होवे।
माँ के आँचल तले सुख ही सुख,
पिता की छाया ज्यों पेड़ की छुक।

माँ के हाथ की रोटी मिट्ठी,
पिता की मेहनत हर दिन सच्ची।
माँ की गोदी जन्नत लागे,
पिता बिना दिल वीरान भागे।

माँ के आँसू मोती जैसे,
पिता के सपने सोने जैसे।
माँ के आँचल की ठंडक न्यारी,
पिता की सीख बिना जीवन भारी।

माँ हर दुख को खुद सह ले,
पिता छाया बनकर रह ले।
माँ की दुआएं साथ निभावे,
पिता की मेहनत रंग दिखावे।

माँ-बाप रोवें तो दिल दुखे,
बिन इनके जीवन अधूरे लगे।
इनकी सेवा जो भी जन करे,
उसका घर भी स्वर्ग बने।

जो माँ-बाप की कदर न जाने,
वो जीवन भर पछतावे।
इनकी दुआ से ही सुख आए,
हर मुश्किल राह आसान हो जाए।

यो जन्म पहला हो या आखरी,
कुमार ने दुआ बस एक करी,
चाहे भगवन जिंदगी दिए दो पल की,
मात-पिता ने खुशियाँ दिए जीवन भर की।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

दृष्टिकोण

**विज्ञान और आयुर्वेद दोनों में ही धोती पहनने को स्वास्थ्य और शरीर की ऊर्जा संतुलन के लिए माना गया है अत्यंत लाभकारी**

# परंपरा ही नहीं, स्वास्थ्यवर्धक भी है धोती पहनना



परिधान

डॉ. आशा कुमारी

जब मैं 'जेंटलमैन' शब्द कहती हूँ, तो आपके दिमाग में कौन-सी छवि उभरती है? लगभग सभी लोगों के लिए यह एक स्मार्ट, आधुनिक व्यक्ति होगा, जो थ्री-पीस सूट और टाई पहने हुए होगा। यदि हम 'जेंटल' शब्द का अनुवाद देखें, तो इसका अर्थ 'कोमल' होता है। फिर हमने इस शब्द को केवल एक पश्चिमी पोशाक से क्यों जोड़ दिया, जबकी यह वास्तव में एक व्यक्तित्व गुण को दर्शाता है? तकनीकी रूप से, 'जेंटलमैन' शब्द को हर सभ्यता में अलग-अलग परिधानों में प्रस्तुत किया जा सकता है। तो कभी-कभी मैं सोचती हूँ कि बच्चों की किताबों में एक पगड़ी, कुर्ता और धोती पहने व्यक्ति को 'जेंटलमैन' के रूप में क्यों नहीं दर्शाया जाता?

मैं इस लेख के माध्यम से धोती पहनने के वैज्ञानिक लाभों पर प्रकाश डालना चाहती हूं। हालांकि भारत के कुछ हिस्सों में इसे आज भी रोजमर्रा की ज़िंदगी में पहना जाता है, लेकिन हरियाणा में यह सिर्फ़ पुरानी पीढ़ी की एक बीती कहानी बनकर रह गई है। गाने और फ़िल्में भी इस परंपरा को दोबारा जीवंत नहीं कर पा रहे हैं। भारत में धोती सांस्कृतिक धरोहर नहीं, बल्कि एक वैज्ञानिक रूप से संतुलित पोशाक भी है, जो शरीर को प्राकृतिक रूप से स्वस्थ रखने में मदद करती है। यह हजारों वर्षों से भारतीय पुरुषों द्वारा पहनी जाती रही है, चाहे वह संत-महात्मा हों, विद्वान हों या फिर किसान।

विज्ञान और आयुर्वेद दोनों ही धोती पहनने को स्वास्थ्य और शरीर की ऊर्जा संतुलन के लिए लाभकारी मानते हैं। आधुनिक पैंट या जींस टाइट फिटिंग के कारण शरीर के निचले हिस्से में रक्त संचार को बाधित कर सकती हैं। लेकिन धोती ढीली होती है और शरीर को पूरा आराम देती है, जिससे रक्त का प्रवाह सुचारू रूप से चलता रहता है। यह विशेष रूप से उन लोगों के लिए फायदेमंद है, जो लंबे समय तक बैठकर काम करते हैं या ज्यादा चलने-फिरने वाले कार्यों में लगे होते हैं। धोती प्राकृतिक रूप से शरीर को ठंडा रखती है। भारत जैसे गर्म और आर्द्र जलवायु वाले देश में यह शरीर के तापमान को नियंत्रित करने में सहायक होती है। वैज्ञानिक दृष्टि से देखा जाए तो पुरुषों के लिए अधिक टाइट कपड़े पहनना उनके प्रजनन स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। टाइट पैंट या अंडरगारमेंट्स अंडकोष के तापमान को बढ़ा सकते हैं, जिससे शुक्राणु उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। धोती पहनने से यह समस्या नहीं होती, क्योंकि यह शरीर के निचले हिस्से को खुला और हवादार बनाए रखती है, जिससे प्रजनन स्वास्थ्य बेहतर बना रहता है। यह पसीने को जल्दी सोख लेती है और त्वचा संक्रमण से बचाव करती है। धोती पहनने से रैशेज़ और फंगल इंफेक्शन जैसी समस्याएं भी कम होती हैं। एक नए सर्वेक्षण के अनुसार, जिसमें 2,000 ब्रिटिश पुरुषों को शामिल किया गया, टाइट फिटिंग जींस पहनने से मूत्र संक्रमण (यूटीआई), वैरिकोसील, अंडकोष के मुड़ने, मूत्राशय की कमजोरी और दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। 2013 की एक समीक्षा के अनुसार, टाइट कपड़े पहनने से मेराल्जिया पैरास्टेटिका नामक रीढ़ की हड्डी की एक नस दबने की समस्या हो सकती है। यह स्थिति जांघ के किनारे सुन्नपन, झनझनाहट और दर्द का कारण बन सकती है। भारत जैसे गर्म और आर्द्र जलवायु वाले देश में सूती वस्त्र सबसे अधिक आरामदायक और त्वचा के लिए अनुकूल माने जाते हैं। सूती कपड़ा नरम और हल्का होता है, जो त्वचा के लिए आरामदायक रहता है। यह किसी भी प्रकार की जलन, खुजली या एलर्जी नहीं पैदा करता, इसलिए संवेदनशील त्वचा वाले लोगों के लिए सबसे अच्छा विकल्प है। सूती कपड़ा गर्मी के मौसम में शरीर को ठंडा रखने में मदद करता है। यह हवा को पास होने देता है, जिससे त्वचा को ताजगी महसूस होती है और पसीना जल्दी सूख जाता है।कृत्रिम कपड़ों की तुलना में सूती कपड़ा बैक्टीरिया और फंगल संक्रमण से बचाव करता है। यह हानिकारक केमिकल्स से मुक्त होता है, जिससे त्वचा की सुरक्षा बनी रहती है। सूती कपड़ा प्राकृतिक रूप से उपलब्ध होता है और पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचाता। यह बायोडिग्रेडेबल होता है और प्लास्टिक या सिंथेटिक कपड़ों की तरह प्रदूषण नहीं फैलाता।



आजकल फैशन और कम लागत के कारण सिंथेटिक (कृत्रिम) कपड़े और रासायनिक रंगों का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। हालांकि, ये कपड़े और रंग हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं। सिंथेटिक कपड़े मुख्य रूप से नायलॉन, पॉलिएस्टर, रेयान और ऐक्रेलिक जैसे कृत्रिम रसायनों से बनाए जाते हैं, जो त्वचा और शरीर पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। इसके अलावा, कपड़ों में इस्तेमाल होने वाले रासायनिक रंग (डाई) भी कई गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं जैसे एलर्जी और खुजली, एक्जिमा और संपर्क डर्मेटाइटिस, फंगल संक्रमण, अस्थमा, हार्मोन असंतुलन और कैंसर आदि। धोती शरीर को मुक्त रखती है और नसों तथा मांसपेशियों को प्राकृतिक रूप से आराम देती है।

धोती के कुछ और फायदे भी हैं, जैसे इसे सीलने की कोई ज़रूरत नहीं होती क्योंकि आप इसे खुद लपेटते हैं। यह पूरी तरह से व्यक्तिगत (सुपरपर्सनलाइज़्ड) होती है। भरपेट भोजन के बाद कमर कसने की चिंता करने की भी ज़रूरत नहीं पड़ती। आज के दौर में लोग धोती को पुरानी सोच से जोड़कर देखते हैं, लेकिन इसके वैज्ञानिक लाभों को समझने के बाद इसे फिर से अपनाने की जरूरत है। आधुनिकता की दौड़ में हमें अपनी पुरानी परंपराओं को पूरी तरह से छोड़ना नहीं चाहिए, बल्कि उनके वैज्ञानिक पहलुओं को समझकर उन्हें फिर से अपनाने का प्रयास करना चाहिए। धोती पहनना सिर्फ एक सांस्कृतिक परंपरा नहीं, बल्कि विज्ञान-सम्मत, स्वास्थ्यवर्धक और सुविधाजनक विकल्प भी है।

# सिनेमा को दर्शकों और सरकार का चाहिए सहयोग : संगीता

कलाकार

डॉ. तबस्सुम जहां

हरियाणवी सिनेमा में संगीता देवी किसी परिचय की मोहताज नहीं है। अपनी ग़ज़ब की अदाकारी से हरियाणवी सिनेमा में छा जाने वाली यह अभिनेत्री अब तक की 54 फिल्मों और वेबसीरीज़ के साथ-साथ 7 बॉलीवुड और एक पंजाबी फिल्म कर चुकी हैं। बॉलीवुड फिल्म 'हरियाणा' और पंजाबी फिल्म कुड़ी हरियाणे वाली, स्टेज ऐप पर 'चंद्रो का चूल्हा' में उनके 3 एपीसोड हैं। संगीता देवी ने हरियाणवी परिधान में स्टेज ऐप पर हरियाणवी संस्कृति और पहनावा दोनों को प्रमोट किया है। इनकी आने वाली फिल्मों में अग्निवीर जैसे कई नाम हैं। इन सबसे अलग उनकी पेंटिंग की दुनिया है। क्राफ्ट और पर्यावरण के लिए समर्पित इन्होंने 3000 से ज्यादा पेड़ लगाए हैं। इसके अलावा कला जीवन समिति के तहत आर्ट वर्कशॉप, गरीब बच्चों की पढ़ाई में हर संभव सहायता करना, हरियाणवी खानपान और पहनावे को बढ़ावा देना ही उनका मुख्य उद्देश्य है।



संगीता देवी का जन्म हरियाणा के भिवानी जिले के गांव बामला में हुआ। इनके पिता गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल में अध्यापक थे। दादी का हरियाणवी क्राफ्ट बहुत अच्छा था। उनके प्रभाव से ही संगीता ने भजन, कीर्तन, शादी-ब्याह के गीत, जकड़ी, त्यौहार के गीत सब उनके साथ रहकर सीखे। 10वीं के बाद शादी हो गई और पढ़ाई पर भी रोक लग गई थी। शादी के बाद उनके जीवन में अनेक उतार-चढ़ाव आए। आर्थिक विसंगति से जूझते हुए शादी के बाद नेशनल ओपन से 12वीं पास की। आदर्श महिला महाविद्यालय से बीए-बीएड की। इन्होंने एंडी हरियाणा टीवी चैनल से जुड़कर अनेक गीत करने के अवसर मिले। वह धीरे-धीरे फिल्म लाइन से भी जुड़ गई। इनकी अभिनय की शुरुआत डायरेक्टर संदीप बसवाना की बॉलीवुड फिल्म 'हरियाणा' से हुई। हरियाणवी सिनेमा में आए उतार-चढ़ाव के संबंध में पूछने पर संगीता देवी का मानना है कि हरियाणा में फिल्म 'चंद्रावल' की धूम आज भी है। उसके बाद दर्जनों फिल्में आई। इनमें कुछ उम्दा भी रहीं लेकिन कोई भी फिल्म जनता का ध्यान नहीं खींच पाई। एक लंबे अर्से के बाद हरियाणवी संस्कृति एक बार फिर से जी उठी, जब यशपाल शर्मा ने ऐतिहासिक फिल्म 'दादा लखमी' बनाई। स्टेज एप पर अपने काम करने के अनुभव के बारे में संगीता देवी बताती हैं कि उन्होंने स्टेज ऐप के साथ काफी प्रोजेक्ट किए हैं जैसे चंद्रो का चूल्हा, ओपरी पराई, जिद, गौरव की स्वीटी, रंडुआ रामफल आदि। वे बताती हैं कि स्टेज एप के साथ काम करने का उनका बहुत अच्छा अनुभव रहा है। सरकार फिल्म बनाने के लिए जो पॉलिसी लेकर आई है उसके संदर्भ में संगीता का मानना है कि इसका लाभ अभी तक किसी को नहीं मिला है। जब मिलना शुरू होगा तो लोग और अच्छा काम कर पाएंगे। प्रोड्यूसर भी पैसा लगाने से घबराएंगे नहीं। इसके ज़रिए हरियाणवी फिल्मों का एक सुखद भविष्य देखा जा सकता है। उन्हें यक़ीन है कि यदि सरकार सहायता करती है तो जरूर बदलाव ज़रूर आएंगे। आने वाले समय में संगीता देवी हरियाणवी सिनेमा को एक बदलाव के रूप में देख रही है। उनका मानना है कि अब लोग जागरूक हो रहे हैं बिना किसी चमक धमक के रियल काम हो रहा है। संस्कृति के साथ संस्कारों की बात हो रही है। आने वाला समय वह काफ़ी अच्छा देख पा रही हैं। हरियाणवी में फिल्में तो बन रही हैं लेकिन थियेटर में लोगों के न आने के क्या कारण हैं, इस पर संगीता देवी ने बताया कि इसे जनता में जागरूकता की कमी कहें या लोगों का सुविधा भोगी, कुछ भी कहना मुश्किल है। आजकल इतने ओटीटी प्लेटफार्म मिल गए हैं उनसे घर बैठे फोन में ही सब कुछ दिख रहा है। लोगों को घरों से बाहर निकालने के लिए अच्छे कॉन्सेप्ट चाहिए। अच्छे प्रचार की भी आवश्यकता है। अच्छी फिल्मों के साथ-साथ अच्छा प्रचार भी चाहिए।





### थियेटर के प्रति दर्शकों का रुझान कम

अभिनेत्री संगीता देवी का मानना है कि ओटीटी प्लेटफॉर्म आने से थियेटर के प्रति दर्शकों का रुझान कम हो रहा है। जब बहुत सारे ओटीटी प्लेटफार्म होते हैं तो लोग फिर सुविधाएं देखने लगते हैं। ओटीटी प्लेटफार्म पर फिल्म हो या वेबसीरीज़, घर बैठे देखने को मिल जाती हैं। दर्शकों का रुझान कुछ समय के लिए कम हो सकता है पर ख़त्म जैसी कोई बात नहीं है। आज भी लोग काफी संख्या में फिल्में सिनेमा घर में देखते हैं। लोगों के स्पोर्ट और सरकार की सहायता से कुछ और अच्छे प्रयास करने जरूरी हैं जिनसे लोग घरों से निकलने को मजबूर हों।

**खबर संक्षेप**

### आप की झूठ एवं लूट की नीति को जनता ने दी करारी शिकस्तः सुनील

**भिवानी।** हरियाणा नंबरदार एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील वर्मा नंबरदार ने कहा कि दिल्ली की जनता ने पूर्ण बहुमत भाजपा की झोली में डालकर ये साबित कर दिया है कि विपक्ष की झूठ और लूट की नीति ज्यादा दिनों तक चलने वाली नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री शाह विशेष रूप से दिल्ली में हुई भाजपा की जीत के लिए बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल की सरकार ने अपने राज में दिल्ली को बर्बाद करने का काम किया है।

### सत्यवान जांगड़ा बने चिड़िया मंडल के अध्यक्ष

**चरखी दादरी ।** भारतीय जनता पार्टी चिड़िया मंडल की बैठक पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष डॉ. किरण कलकल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में चिड़िया मंडल के संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया पूरी की। बैठक में मौजूद मंडल के सभी बूथ अध्यक्षों ने सर्वसम्मति से सज्जन जांगड़ा को चिड़िया मंडल का अध्यक्ष चुना। सत्यवान मौड़ी भी मंडल प्रतिनिधि के तौर पर नियुक्त किया।

### एचडी विद्यालय में 517 बच्चों ने दी छात्रवृत्ति परीक्षा

**चरखी दादरी।** रविवार को आयोजित 'छात्रवृत्ति परीक्षा' में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से आए लगभग 517 बच्चों ने परीक्षा दी। इस अवसर पर बच्चों के साथ आए अभिभावकों ने बच्चों के साथ विद्यालय का भ्रमण किया। क्षेत्र के एकमात्र विस्तृत सभागार को देखकर अभिभावकों व बच्चों ने खूब सराहना की। पांच एकड़ के खेल- परिसर में जाकर बच्चों ने खेलो एवं ओपन जिम का आनंद लिया।

### श्री उजाड़िया हनुमान मंदिर में भजन संध्या

**लोहारू।** श्रीश्याम सेवा समिति के तत्वावधान में श्रीउजाड़िया हनुमान मंदिर से 21 रात सांवरिया के साथ कार्यक्रम का आगाज किया। प्रोफेसर पूनम के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सूरजगढ के पौराणिक श्रीश्याम मंदिर से निशान ले जाने वाले भगत कुरड़ाराम ने द्वीप प्रज्ज्वलित करके किया। मलवाणा धाम से सोमवीर भगत, दोबड़ा धाम से अनिल भगत, सुरेश तिवारी, नित्यानंद स्वामी ने भगवान श्रीश्याम की पूजा अर्चना की।

### शिविर में 217 व्यक्तियों की आंखों की जांच

**चरखी दादरी।** ईश्वर आई सेंटर तथा राजेश जैन एलपीएस बौसार्ड के सहयोग से गांव सांवड़ में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों की आंखों की निशुल्क जांच की गई तथा दवाइयां वितरित की गई। शिविर में 217 व्यक्तियों की आंखों की जांच की गई। कैंप के दौरान आंखों को अन्य बीमारियों से बचाव के बारे में विस्तृत जानकारियां दी गई। इस अवसर पर डॉ. रामचंद्र, राजकुमार फौगाट, संजय, अमित, शिवेन्द्र, भूपेंद्र, सुरेन्द्र, बाबूलाल कौशिक, जय कुमार, गौरव चौबारला, पुरूषोतम पंडित, अजय कौशिक सहित इत्यादि उपस्थित थे।

### नशा नहीं, बल्कि अच्छे कर्म ही दे सकते हैं हमें खुशियांः वसुधा

**चरखी दादरी।** आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में टेंशन, डिप्रेशन दुख अशांति से कुछ पल खुशी व शांति के लिए व्यक्ति ड्रग्स व नशे का सहारा लेता है। वास्तव में खुशी हमारे व्यवहार कर्म सोच में मौजूद है। नशा नहीं बल्कि अच्छे कर्म ही हमें खुशी दे सकते हैं,ये उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की कादमा-झोझू कलां शाखा के तत्वावधान में महाशिवरात्रि के अवसर पर चलाए जा रहा मेरा गांव नशा मुक्त गांव अभियान के तीसरे दिन क्षेत्रीय प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने पिचौपा कलां, गुडाना व बादल गांवों में लोगों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा की वर्तमान समय की परिस्थितियों को देखते हुए हमें धैर्य, समझदारी से काम करना चाहिए।

## विभागों का निजीकरण कर पूंजीपतियों के हवाले कर रही सरकार : फौगाट

# मांगों को लेकर 15-16 फरवरी को कुरुक्षेत्र में करेंगे विरोध प्रदर्शन

- व्यापक तैयारियों को लेकर किया मंथन, ब्लॉक प्रभारी किए नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी



भिवानी । बैठक को संबोधित करते कर्मचारी नेता सूरजभान। फोटो : हरिभूमि

महम रोड स्थित संघ कार्यालय में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा संबंद्ध अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के तत्वावधान में जिला स्तरीय विस्तारित मीटिंग हुई, जिसकी अध्यक्षता सकसं जिला प्रधान सूरजभान जटासरा व रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान नरेश शर्मा ने संयुक्त रूप से की। मंच संचालन संगठन सचिव सुमेर आर्य ने किया। मुख्य वक्ता के तौर राज्य प्रधान धर्मबीर फौगाट ने कहा कि राज्य कमेटी के निर्णय अनुसार सभी सत्ता पक्ष व विपक्ष के 90 विधायकों को ज्ञापन देने का कार्यक्रम आज पूरा कर लिया गया है। आंदोनल के द्वितीय चरण में प्रदेश भर से सभी विभागों के कच्चे-पक्के कर्मचारी सीएम सिटी कुरूक्षेत्र में 15 सूत्रीय मांगपत्र को लेकर सीएम सिटी कुरूक्षेत्र में दो दिवसीय पड़ाव लगाकर विरोध प्रदर्शन करेंगे, जिसकी व्यापक तैयारियों को लेकर राज्यभर में ब्लॉक व जिला पर मीटिंग करके जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। दो दिवसीय प्रदर्शन को लेकर भिवानी जिला के सभी सात ब्लॉकों के लिए प्रभारी नियुक्त किए गए है। केंद्र व राज्य सरकार लगातार सरकारी विभागों में आऊटसोर्सिंग, ठेका प्रथा, निजीकरण की नीतियों को बढ़ावा देकर महकमों को पूंजीपतियों के हवाले कर रही है, जिसका राज्यभर का कर्मचारी विरोध कर रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में अलग से वेतन आयोग का गठन होना चाहिए, जिससे सभी प्रकार के कच्चे-पक्के कर्मचारियों की वेतन संबंधी मामलों पर सुनवाई की जा सकें। केंद्र के वेतन आयोग को सरकार कांट-छांट कर प्रदेश के कर्मियों व मजदूरों पर लागू कर देती है। हरियाणा प्रदेश प्रति व्यक्ति आय में अन्य राज्यों से कही अधिक है। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा काफी लंबे अरसे से मांग करता आ रहा है कि हरियाणा का अलग से वेतन आयोग गठित किया जाना चाहिए, महंगाई भत्ता 50 प्रतिशत से ऊपर चला गया है, इसीलिए सभी प्रकार के भत्तों को बढ़ाने की आवश्यकता है, 50 प्रतिशत महंगाई भत्ते को मूल वेतन में जोड़ देना चाहिए परन्तु सरकार ऐसा नहीं कर रही है। पिछले वेतन आयोग में जो विसंगतियां रह गई थी, उसे शीघ्र दूर किया जाए, 25 अगस्त 2014 के मंत्रीमंडल के फैसले को भी लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभागों में काम करने वाले कच्चे कर्मियों को पक्का किया जाए, समान काम-समान वेतन लागू हो, पुरानी पेंशन बहाल की जाए, छंटनीग्रस्त कर्मियों को वापिस लिया जाए, वर्कलोड अनुसार नए पद स्वीकृत कर पक्की भर्ती कर बेरोजगारों को रोजगार दिया जाए। आदि मांगों को लेकर सकसं ने चरणबद्ध आंदोलन चला रहा है।

**ये रहे मौजूद**

इस जिला स्तरीय मीटिंग को रिटायर्ड कर्मचारी संघ के महासचिव रत्न कुमार जिंदल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सुशीला, नरेंद्र दिनोद, फतेह सिंह, चांदीराम, निर्मल सिंह, महेंद्र सिंह, चंद्रभान, अनिल नागर, विकास राठी, संदीप सांगवान, विजेंद्र सिंह, संजय बहल, राजेश दुल्हेड़ी, कृष्ण रूपाणा, अनिल बागड़ी, सोमबीर पालुवास, जयनारायण खुंडिया, भारदीप, सुरेंद्र रोहिल्ला, मनदीप सिंह, देवेंद्र श्योराण, शमशेर सिंह आदि मौजूद रहे।

## अतीत में किए कर्मों को भूलकर भविष्य में सत्कर्म करेंः सरफि



भिवानी । पौधरोपण करते विधायक घनश्यामदास सर्राफ, हरिकृष्णदास महाराज व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

- जिला जेल परिसर में धार्मिक सत्संग का आयोजन, बंदियों ने लिया भाग

जिला जेल में रविवार को धार्मिक सत्संग का आयोजन किया। सत्संग में भिवानी के विधायक घनश्यामदास सर्राफ ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की और जेल बंदियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। सत्संग में वृंदावन धाम के हरिकृष्णदास महाराज के सानिध्य में श्रीगोपाल प्यारे महाराज ने जिला जेल भिवानी में बन्दियों के लिए जीवन उपयोगी धार्मिक जानकारी दी, ताकि जेल में बन्दी आध्यात्मिक एवं मानसिक रूप से स्वयं को विकसित कर सके।

**भाईचारा जरूरी**

विधायक घनश्यामदास सर्राफ ने कहा कि अतीत में किए कर्मों को भूलकर भविष्य में सत्कर्म करना चाहिए और समाज को मजबूत बनाने के लिए भाईचारे से रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो बीत गया वह बीत गया, उसे भुलाकर आगे की सुध लेनी चाहिए और अच्छे कर्म करने चाहिए। माता-पिता और बुजुर्गों की सेवाकर उनका आशीर्वाद लेना चाहिए। भविष्य को संवारने के लिए सकारात्मक विचार रखने चाहिए और समाज को सुदृढ़ बनाने में अपना योगदान देना चाहिए। जेल परिसर में वर्धमान ज्वैलर्स द्वारा विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए तथा जेल परिसर मे पौधरोपण कार्यकम का आयोजन किया। इस अवसर पर अधीक्षक जेल देवीदयाल, उपाधीक्षक राय साहब, उपाधीक्षक जेल नरेश बूरा, उपाधीक्षक जेल अनिल कुमार, अधिवक्ता प्रदीप बजाड़, सुरेश केड़िया व सचिन जैन आदि मौजूद रहे।

### श्रीमद्भगवद गीता पढ़ो-पढ़ाओ अभियान चला



**भिवानी।** गौ किसान समृद्धि ट्रस्ट द्वारा संचालित श्रीमद्भगवद गीता पढ़ो-पढ़ाओ अभियान के संचालक महेंद्र सिंह गोदारा ने रविवार को गांव ईशरवाल में दुकानदारों को गीता वितरित की। गोदारा ने कहा कि श्रीमद्भगवद् गीता विश्वभर में भारत के आध्यात्मिक ज्ञान के मणि के रूप में विख्यात है। भगवान श्रीकृष्ण द्वारा कथित गीता के सारयुक्त 700 श्लोक आत्म साक्षात्कार के मार्गदर्शक का अचूक कार्य करते है।उन्होंने कहा कि मनुष्य के स्वभाव, उसके परिवेश तथा अंततोगत्वा भगवान श्रीकृष्ण के साथ उसके संबंध को उदघाटित करने में इसकी तुलना में अन्य कोई ग्रंथ नहीं है। गोदारा ने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता एक मौलिक व दिव्य ग्रंथ है, ये जीवन की परम सिद्धि प्रदान करने वाला ग्रंथ है। गीता में जीव-जगत के लिए कोई भी पक्षपात, भेदभाव, संकीर्णता, जाति-वर्ण आदि का स्थान नहीं है, यह ग्रंथ पूरी तरह मानवता के लिए है। भगवत गीता जीवन में सही राह दिखाती है, ऐसे में भगवत गीता का पाठ कर उसके उपदेश को जीवन में आत्मसात करना चाहिए। इस मौके पर जन कल्याण चेरिटेबल फाउंडेशन लाडवा के प्रधान मोहनलाल शर्मा, आचार्य रजनीश, किसान भवन खावा के संचालक युद्धवीर मंगल सिंह खरेटा, डॉ. सुनील देवावास, मनजीत, हवासिंह हलवाई व अन्य मौजूद रहे।

### सरकार हर वर्ग के लिए कर रही कामः बक्शीराम

**चरखी दादरी।** हमें अपनी बच्चों पर ध्यान देना होगा तभी आगे चलकर वो काबिल बनेंगे और प्रदेश व देश की तरक्की में अपना यथा संभव सहयोग कर पाएंगे। प्रत्येक क्षेत्र में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में इस दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। यह बात नगर परिषद चेयरमैन बख्शीराम सैनी ने निर्माणाधीन बाल भवन की बिल्डिंग का निरीक्षण करते हुए उपस्थित लोगों को कही। चेयरमैन सैनी ने कहा कि बिल्डिंग का काम बड़ी तेजी से चल रहा है। उम्मीद है जल्द तैयार कर लिया जाएगा। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की ने जो पूरे हरियाणा में जरूरतमंदों तक यथा संभव राजकीय सेवाओं को पहुंचाने का सपना देखा था उसे पूरा करने के लिए वर्तमान सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। सैनी ने अधिकारियों, कर्मियों व कारीगरों से निर्माण संबंधी आवश्यक जानकारी ली व दिशा निर्देश भी दिए। इसके साथ ही आसपास रहने वाले नागरिकों से बातचीत करते हुए राजकीय योजनाओं का लाभ नगर परिषद के जरिए अधिक से अधिक उठाने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि जब बाल भवन बनकर तैयार हो जाएगा उसमें बच्चों के स्वास्थ्य शारीरिक शिक्षा नृत्य संगीत कला सहित विभिन्न विषयों के प्रति कार्य एक ही छत के नीचे होगा।

## जनता की समस्याओं का समाधान करना ही सरकार का मुख्य ध्येय

- प्रशासन का प्रयास, जनता को न हो कोई परेशानी : धर्मबीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी



भिवानी । जनसमस्याएं सुनते सांसद।

भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद धर्मवीर सिंह ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना ही सरकार का मुख्य ध्येय है। सांसद धर्मवीर सिंह ने कहा कि शासन और प्रशासन का प्रयास है कि जनता को कोई भी परेशानी न आए।


सांसद धर्मवीर सिंह रविवार को महम रोड स्थित अपने आवास पर आमजन की शिकायतें सुन रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश व प्रदेश की सरकार आम जनहित की समस्याओं के समाधान के लिए प्रयासरत है, इसलिए शासन और प्रशासन का प्रयास है कि जनता के बीच में रहकर उनकी समस्याओं का निदान करना है।

उन्होंने आमजन की शिकायतें सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को संबंधित मामलों का समाधान करने के निर्देश दिए।

## करणी सेना स्थापना दिवस मनाया

- करणी सेना का स्थापना दिवस समाज की शक्ति, एकता व गौरव को प्रदर्शित करने का अवसर : दीपक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी



भिवानी । करणी सेना के पदाधिकारियों को अभिनंदन करते आयोजक व अन्य।

करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजपाल अम्मू के निर्देशानुसार करणी सेना द्वारा 25 जनवरी से 10 फरवरी तक करणी सेना स्थापना दिवस पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसके तहत विभिन्न प्रदेशों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी कड़ी में बीते दिनों मध्यप्रदेश के ग्वालियर में करणी सेना के स्थापना दिवस के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें बतौर मुख्यतिथि अध्यक्ष सूरजपाल अम्मू को आमंत्रित किया। कार्य की व्यवस्तता होने के कारण अध्यक्ष के निर्देशानुसार करणी सेना युवा शक्ति के राष्ट्रीय महामंत्री दीपक बामल भिवानी कार्यक्रम में प्रतिनिधि के तौर पर पहुंचे तथा लोगों को संबोधित किया। बामल ने कहा कि करणी सेना स्थापना दिवस संगठन की स्थापना और उसके उद्देश्यों को समर्पित है। इस दिन आयोजित कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज की एकता, सांस्कृतिक विरासत की रक्षा, सामाजिक जागरूकता और राजनीतिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज के वरिष्ठ और युवा पीढ़ी को संगठित करने का अवसर मिलता है। जिसमें ऐतिहासिक विरासत और परंपराओं के संरक्षण पर जोर दिया जाता है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जागरूकता है।

### सच्ची मेहनत एवं समर्पण से सभी समस्याओं का समाधान संभवः डॉ. यादव

**बवानीखेड़ा।** मिलकपुर के आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए एक शानदार और भावपूर्ण विदाई पार्टी का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्यतिथि डॉ. धर्मपाल यादव, मास्टर राजेंद्र यादव, चेयरमैन आनंद यादव, निदेशक साहिल यादव, प्रधानाचार्य नितिश मिश्र और उपप्रधानाचार्य गीता यादव ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। समारोह की शुरुआत उत्साहपूर्ण गतिविधियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुई। मुख्यतिथि डॉ. धर्मपाल यादव ने छात्रों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और जीवन में आने वाली चुनौतियों का दृढ़ता से सामना करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि सच्ची मेहनत और समर्पण से सभी समस्याओं का समाधान संभव है। मास्टर राजेंद्र यादव ने छात्रों से अच्छे नागरिक बनने की शपथ दिलाई और उन्हें अपने गुरुजनों व स्कूल का नाम रोशन करने की सीख दी। चेयरमैन आनंद यादव ने कहा कि बच्चे वहीं सफल होते है जो ईमानदारी से मेहनत करते है। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधन हमेशा उनकी सहायता के लिए तत्पर रहेगा। 11वीं कक्षा के छात्रों ने वरिष्ठ साथियों को प्रतीकात्मक उपहार दिए, जिससे विदाई का अवसर और भी खास बन गया। छात्रों ने अपने स्कूली जीवन के खट्टे-मीठे अनुभव सांझा किए और एक-दूसरे से गले मिल विदाई ली।



### राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा नेटबॉल की पुरुष व महिला टीमों ने फाइनल में किया प्रवेश

भिवानी। हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन महासचिव बबीता ने बताया कि 7 से 9 फरवरी तक देहरादून में खेले जा रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा नेटबॉल ट्रेडिशनल की टीमों ने पुरूष व महिला दोनों वर्ग ही टीमों ने फाईनल में प्रवेश किया। हरियाणा नेटबॉल ट्रेडिशनल में महिला वर्ग की टीम का प्रथम मैच पंजाब के बीच खेला गया, जिसमें हरियाण टीम ने 52-44 के अंतर से जीत हासिल की। दूसरा मैच हरियाणा व केरला की टीम के बीच खेला गया, जिसमें हरियाणा की टीम ने 42-41 के अंतर से जीत हासिल की। तीसरा मैच हरियाणा व उत्तराखंड के टीम के बीच खेला गया, जिसमें हरियाणा की टीम ने 52-46 के अंतर से जीत हासिल की। वही चौथा मैच व सेमी फाइनल हरियाणा व तेलंगाना की टीम के बीच खेला गया, जिसमें हरियाणा की टीम ने 48-43 के अंतर से जीत हासिल करते हुए फाईनल में प्रवेश किया। उन्होंने बताया कि हरियाणा नेटबॉल की पुरूष वर्ग की टीम का पहला मैच हरियाणा व हिमाचल के बीच खेला गया हरियाणा टीम ने 52-41 अंक जीत हासिल की दूसरा मैच हरियाणा व राजस्थान के बीच खेला गया, जिसमें हरियाणा ने 60-48 के अंक से जीत हासिल की, तीसरा मैच हरियाणा व तेलंगाना के बीच खेला गया, जिसमें हरियाणा ने 57-45 के अंतर से जीत हासिल की। वहीं चौथा व सेमीफाइनल मैच में हरियाणा व दिल्ली के बीच खेला गया, जिसमें हरियाणा टीम ने 56-53 के अंतर से जीत हासिल की और फाईनल में प्रवेश किया।

## इंटरनेट के सुरक्षित प्रयोग के बारे में किया जाएगा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी



उपायुक्त महावीर कौशिक ने कहा कि बच्चों, महिलाओं और युवाओं के बीच इंटरनेट के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य के साथ जनता में जागरूकता बढ़ाने के लिए फरवरी के दूसरे मंगलवार को दुनियाभर में सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष सुरक्षित इंटरनेट दिवस 11 फरवरी को 'टूगेदर फॉर ए बेटर इंटरनेट' थीम के तहत मनाया जाएगा। उपायुक्त कौशिक ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) 11 फरवरी को राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान शुरू कर रहा है। सरकार की आ ई ए स ई ए परियोजना के तहत आयोजित इस पहल का उद्देश्य नागरिकों के बीच जिम्मेदार इंटरनेट उपयोग को बढ़ावा देते हुए सुरक्षित ऑनलाइन प्रथाओं, साइबर स्वच्छता, प्रमुख साइबर खतरों और प्रभावी शमन रणनीतियों पर विविध इंटरनेट उपयोग कर्ताओं को शिक्षित करना है। डीसी कौशिक ने बताया कि सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर एनआईसी हरियाणा की ओर से स्थानीय नागरिकों और अधिकारियों को सुरक्षित इंटरनेट प्रथाओं के बारे में शिक्षित करने के लिए जिला स्तर पर जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। यह कार्यशालाएं साइबर स्वच्छता को बढ़ावा देने, प्रमुख साइबर खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और प्रतिभागियों को प्रभावी शमन तकनीकों से लैस करने पर ध्यान केंद्रित करेंगी।

**कार्यक्रम** शिक्षा उज्जवल भविष्य की नींव, युवा मोबाइल का सही इस्तेमाल करें

# पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट ने होनहार बच्चों को सम्मानित कर बढ़ाया मनोबल

**ट्रस्ट के संरक्षक डॉ. सुरेन्द्र संभ्रवाल ने बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी



भिवानी । मेधावी विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री भेंट करते पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट व शहीद-ए-आजम वीर ऊधमसिंह प्रदेश महासभा के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

गरीब बच्चों के लिए निरंतर वरदान साबित हो रही डॉ. आंबेडकर फ्री डिजिटल लाइब्रेरी के होनहार और अनुशासित बच्चों को पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट के संरक्षक डॉ. सुरेन्द्र संभ्रवाल ने अपनी टीम के साथ सम्मानित किया।

**जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आएं :** संभ्रवाल ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद लोगों की सहायता कर उन्हें आगे बढ़ने में सहयोग करना हैं। वह रक्तदान व शिक्षा के क्षेत्र में जरूरतमंदों की मदद कर रहे हैं, ताकि कोई मदद के अभाव में न पिछड़े। संभ्रवाल ने कहा कि आज के समय में जो बच्चा मेहनत करता, वह बिना किसी सिफारिश के नौकरी लगता है, इसलिए आगे बढ़ने और गरीबी के दंश से बाहर निकलने के लिए अच्छी शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। उन्होंने साथ ही मोबाइल के दुरूपयोग पर संवाद किया और कहा कि आजकल मोबाइल का दुरूपयोग ज्यादा होता, जबकि मोबाइल आगे बढ़ने के अच्छा विकल्प है। डॉ. सुरेन्द्र संभ्रवाल ने बच्चों को नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया।

कार्यक्रम में महात्मा ज्योतिबा फुले ट्रस्ट के अध्यक्ष रमेश सैनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। लाईब्रेरी की संचालक सभा शहीद-ए-आजम वीर उधम सिंह प्रदेश महासभा के प्रदेशाध्यक्ष राजू मेहरा ने बताया कि शहर के दादरी गेट डॉ. आंबेडकर कॉलोनी स्थित गुरू रविदास धर्मशाला में निःशुल्क चल रही। लाईब्रेरी से अब तक जरूरतमंद गरीब परिवारों से 37 बच्चों का चयन हो चुका है, जिसमें मुख्य रूप से दो बच्चे आईआईटी, एक बच्चा नीट और अन्य 34 बच्चे में से छह का नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर आगे बढ़ 28 बच्चों ने अन्य नौकरिया प्राप्त की है।

इस मौके पर ओपी गर्वा, पवन डेहनीवाल, संदीप प्रधान, पूर्व प्रधान सुरजभान,कर्ण सिंह, पंजाब सिंह, मुंशी डीआरए, श्याम सुंदर, रविन्द्र कुमार, सरोज जाखड़, कामरेड बनवारीलाल, सुमेरा गोठवाल, रामपति देवी, साहिल बुगालिया, रिंकू पूनिया, निधि व रविना आदि मौजूद रहे।

## दिल्ली की जनता ने पीएम मोदी की विकास की गारंटी पर लगाई मुहर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी



भिवानी । दिल्ली में भाजपा की जीत पर मिठाई बांटते पार्षद प्रतिनिधि हर्षदीप डूडेजा।

दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड बहुमत की जीत की खुशी में भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं पार्षद प्रतिनिधि हर्षदीप डुडेजा ने वार्ड नंबर-8 में लड्डू बांटे। इस मौके पर हर्षदीप डुडेजा ने कहा कि दिल्ली में हुई भाजपा की जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकासात्मतक सोच एवं जनहित के फैसलों की जीत है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी की विकास की गारंटी पर मोहर लगाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा द्वारा देशभर में अनेक जनहित के फैसले हुए अभूतपूर्व विकास कार्य किए जा रहे है, जिसके चलते दिल्ली की जनता भी काफी प्रभावित थी तथा इसी विकासात्मक कार्यो की बदौलत दिल्ली में 27 वर्षो बाद भाजपा सरकार बनी है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार अब दिल्ली में भी तेजी के साथ विकास में आगे बढ़ेगी। डुडेजा ने केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि केजरीवाल अपने अहंकार व झूठ के कारण हारे है। दिल्ली के लोगों ने केजरीवाल के झूठ व भ्रष्टाचार को सिरे से नकार भाजपा के पक्ष में मतदान किया, जिसकी बदौलत दिल्ली में भाजपा ने प्रचंड बहुमत से जीत दर्ज की।

## खबर संक्षेप

### भाजपा नेता की माता के निधन पर जताया शोक

**भिवानी।** भाजपा नेता सुनील शास्त्री व आचार्य सुरेश शास्त्री की माता धनकौर देवी के निधन पर गांव पाथरवाली स्थित उनके निवास स्थान पर विभिन्न संगठनों ने शोक जताया। इसी कड़ी में रविवार को भाजपा नेता हरिसिंह सांगवान, पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय बंसीलाल के पूर्व ओएसडी रामप्रताप शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग धनकौर देवी के निधन पर शोक जताने पहुंचे।

### रक्तदान एवं मेडिकल जांच शिविर कल

**लोहारू।** लाइफ सेवर्स ग्रुप के संयोजन में आगामी 11 फरवरी को ढिगावा के दादा भोमिया मंदिर परिसर में रक्तदान एवं मेडिकल जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। जयप्रकाश पुजारी के सानिध्य और दादा भोमिया के 20वें वार्षिक भंडारे पर होने वाले शिविर में डॉ. तुषार तंवर, डॉ. हिमांशु तंवर, डॉ. हर्षा शेखावत मेडिकल सेवाएं देंगे। लाइफ सेवर्स ग्रुप के रवि मित्तल ने बताया कि शिविर में क्षेत्र के अनेक युवा रक्तदान कर समर्पण भावना का परिचय देंगे।

### सिंघानी में श्रीश्याम रजत जयंती महोत्सव कल

**लोहारू।** श्रीश्याम मंदिर कमेटी के तत्वावधान में आगामी 11 फरवरी को सिंघानी के श्रीश्याम मंदिर में श्रीश्याम रजत जयंती महोत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्यतिथि समाजसेवी नरेश श्योराण शिरकत करेंगे। राजपाल सिंघानी ने बताया कि कार्यक्रम में समाजसेवी दिलीप सिंह श्योराण ज्योति प्रज्वलित करेंगे तथा प्रकाश अग्रवाल, पवन अग्रवाल, दिनेश गोयल बतौर विशिष्ठ अतिथि शिरकत करेंगे।

### संत गुरु रविदास जयंती पर रक्तदान शिविर 12 को

**भिवानी।** नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था द्वारा संत शिरोमणि रविदास महाराज की जयंती पर सामान्य अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी ने बताया कि कैंप 12 फरवरी बुधवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगा। सैनी ने बताया कि कैंप में हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के वाइस चेयरमैन विजेंद्र बड़गुज्जर मुख्यतिथि के रूप में पहुंचेंगे और विशिष्ट अतिथि बेगा हॉस्पिटल के संचालक डॉ. कुलदीप सैनी होंगे।

## अलवर में आयोजित नेशनल प्रतियोगिता में दिखाया दमखम

# बुजुर्ग एथलीट रामकिशन ने नेशनल प्रतियोगिता में जीते पांच गोल्ड मेडल सहित सात पदक

### एथलीट रामकिशन अब तक जीत चुके 280 पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाढ़ड़ा

बाढ़ड़ा निवासी 72 वर्षीय एथलेटिक्स खिलाड़ी रामकिशन शर्मा में मेडल जीतने का जुनून इतना हावी है कि वे अपनी उम्र की पहरवाह किए बिना लगातार स्टेट व नेशनल लेवल की प्रतियागिताओं में भागीदारी कर रहे हैं। रामकिशन शर्मा न केवल प्रतियोगिताओं में भागीदारी कर रहे हैं, बल्कि देश व प्रदेश के खेल मैदानों में अपना दमखम दिखाते हुए मेडलों की झड़ी लगा रहे हैं। वे पिछले 11 दिनों में 17 मेडल जीत चुके हैं। बता दें कि बाढ़ड़ा निवासी रामकिशन शर्मा ने 6 से 8 फरवरी को राजस्थान के अलवर स्थित राजऋषि कॉलेज ग्राऊंड में आयोजित तीन दिवसीय 44वीं नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भागीदारी करते हुए हरियाणा का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने अपने शानदार खेल प्रदर्शन को जारी रखते हुए 5 गोल्ड मेडल सहित कुल 7 मेडल हासिल किए हैं। उन्होंने 400 मीटर दौड़, 100 मीटर दौड़, लंबी कूद,ट्रीपल जंप व 4 गुणा 400 मीटर रिले दौड़ में गोल्ड मेडल हासिल किए । इसके अलावा 80 मीटर बाधा दौड़ और 4 गुणा 100 रिले दौड़ में सिल्वर मेडल हासिल किए हैं। रामकिशन ने बीते 11 दिनों के दौरान नेशनल व स्टेट लेवल की तीन प्रतियोगिताओं में 17 मेडल हासिल किए हैं। उन्होंने पहले जहां 29 से 31 जनवरी तक जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित नेशनल प्रतियोगिता में 6 गोल्ड मेडल हासिल किए। वहीं वहां से सीधे हिसार पहुंचे और चौधरी चरणसिंह हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में 1 व 2 फरवरी को आयोजित स्टेट प्रतियोगिता में चार गोल्ड मेडल हासिल कर मार्च माह में बेंगलुरु में आयोजित नेशनल प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। इसके बाद वे राजस्थान के अलवर पहुंचे, जहां उन्होंने राजऋषि कॉलेज खेल ग्राऊंड में आयोजित नेशनल प्रतियोगिता में पांच गोल्ड व दो सिल्वर मेडल हासिल किए। वे बीते 29 जनवरी से 8 फरवरी तक 17 मेडल अपने नाम कर चुके हैं।



बाढ़ड़ा। अलवर में आयोजित प्रतियोगिता में मेडल विजेता रामकिशन शर्मा।

**मेडलों के तिहरे शतक के समीप पहुंचे**

*रामकिशन शर्मा ने करीब 8 साल पहले खेल को जीवन का हिस्सा बनाया था। जिसके बाद कठिन मेहनत व दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ खेलते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में भागीदारी कर देश व प्रदेश के लिए मेडल जीते हैं। वे दौड़,बाधा दौड़, रिले दौड़, लंबी कूद, शॉटपुट आदि प्रतिस्पर्धाओं अभी तक कुल 280 मेडल हासिल कर चुके हैं जिनमें उनके 6 अंतरराष्ट्रीय गोल्ड मेडल, नेशनल में 154 गोल्ड, 27 सिल्वर और 5 कांस्य पदक व स्टेट प्रतियोगिताओं के 88 गोल्ड मेडल शामिल हैं।*

# मुंबई से मेडल जीतकर लौटे खिलाड़ियों को किया सम्मानित

- सरकार की अच्छी खेल नीति से खिलाड़ी जीत रहे खेलों में मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भारत नगर स्थित श्रीबालाजी कराटे अकादमी सभागार में मुंबई से गोल्ड, सिल्वर और ब्रांज मेडल जीतकर भिवानी लौटे 10 खिलाड़ियों का भिवानी के विधायक घनश्यामदास सर्राफ, हनुमान जोहड़ी मंदिर के महंत चरणदास महाराज, सावित्री यादव व खेलप्रेमियों ने खिलाड़ियों का फूल मालाओ के साथ सम्मान किया। कोच हरीश कुमार सैनी ने बताया कि मुंबई में 30वीं एशिया युरो अंतर्राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने मेडल जीतकर प्रदेश व जिले का नाम रोशन किया है। कराटे प्रतियोगिता में खिलाड़ी प्रियंका ने गोल्ड, दिग्विजय ने गोल्ड, मनन ने गोल्ड, मन्नत ने सिल्वर,रोहित ने सिल्वर,आशी ने सिल्वर,नैन्सी ने ब्रांज, चिराग ने ब्रांज व साक्षी ने ब्रांज मेडल जीते। विधायक के घनश्यामदास सर्राफ ने



भिवानी। खिलाड़ियों को सम्मानित करते विधायक सर्राफ व अन्य।

कहा कि हरियाणा सरकार की खेल नीति के माध्यम से खिलाड़ियों को अलग-अलग क्षेत्र में सम्मान मिल रहा है। सर्राफ ने कहा कि सरकार द्वारा खिलाड़ियों को सम्मान मिलता है, वहीं उनको सरकारी नौकरी दी जा रही है।

उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे खेल नीति के तहत खिलाड़ियों को मजबूती मिल रही है। महंत चरणदास महाराज व सावित्री यादव ने कहा कि भिवानी खेल नगरी के नाम से जानी जाती है और एकेडमी के खिलाड़ियों ने प्रदेश के साथ-साथ अपने जिले का नाम रोशन किया है, जिसके लिए कोच हरीश सैनी को बधाई दी। विधायक घनश्यामदास सर्राफ ने सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश से 42 से खिलाड़ियों ने चैंपियनशिप में भाग लिया, जिनमें 29 मेडल मिले हैं। चैंपियनशिप में सबसे अधिक 10 मेडल श्रीबालाजी कराटे अकादमी हैं। अकादमी से 13 खिलाड़ियों ने भाग लिया था, जिसमें 10 मेडल जीत कर जिले का नाम रोशन किया है। पार्षद नरेंद्र सर्राफ व राष्ट्रपति अवार्डी अशोक कुमार भारद्वाज ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

# अलखपुरा में बेटियों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

हरियाणा का गौरव बढ़ाते हुए अलखपुरा पहुंची खिलाड़ी बेटियों के स्वागत समारोह में पहुंचे मुख्यतिथि हल्का बवानीखेड़ा के विधायक कपूर सिंह बाल्मीकि ने सभी बेटियों को आशीर्वाद दिया। उत्तराखंड के हल्द्वानी में आयोजित राष्ट्रीय खेलों के फुटबॉल खेल में गोल्ड मैडल जीतकर लौटी अलखपुरा की बेटियों का सभी ग्रामवासियों ने भी स्वागत किया। राष्ट्रीय खेल फुटबॉल गोल्ड मेडल विजेता बेटियों के साथ ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय गोल्ड मेडल विजेता बेटियों का भी स्वागत किया। राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा की टीम संजू यादव कप्तान के नेतृत्व में खेली



विजय जूलूस में शामिल खिलाड़ी।

और फाइनल में उड़ीसा की टीम को पेनल्टी शूट आउट में उड़ीसा को 2 के बदले 4 गोल से हराकर खिताब के रूप में गोल्ड मैडल पर कब्जा किया। मंच संचालन योग सहायक गजानंद कौशिक ने किया। मुख्यतिथि विधायक कपूरसिंह बाल्मिकी ने सभी विजेता बेटियों को संबोधित देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव खिलाड़ी बेटे बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर है। उन्होंने ग्राउंड पर चारों और बड़ी लाइट लगवाने की घोषणा की, विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे दिल्ली हॉप्स क्लब के संरक्षक संजय यादव और उनकी धर्मपत्नी उर्मिला यादव ने भी बेटियों की पीठ थपथपाई, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सीमा लांबा व सुनील लांबा ने बेटियों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर गोरधनदास शर्मा पीटीआई, कोच सोनिका बिजरानिया, विपिन कुमार, अजय सिहाग, दीपक कालीरमण,सुरेश जाखड़, बलबीर जाखड़, मनदीप जाखड़, राजेश हवलदार, राजेश पीटीआई, सुनहरा प्रधान व विनीत तंवर उपस्थित रहे।

# माता-पिता के लिए फन प्रतियोगिताएं करवाई

- सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में खेल दिवस पर विद्यार्थियों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

सेंट जेवियर्स हाई स्कूल के एनुअल स्पोर्ट्स मीट-2025 का आयोजन विद्यालय के खेल मैदान में किया,जिसमें बतौर अतिथि स्कूल प्रबंधक मनीष सिंह, निर्देशिका कीर्ति चौहान व प्रधानाचार्या कीर्ति आहूजा उपस्थित रहे।

स्पोर्ट्स मीट के दौरान खेल मैदान पर खिलाड़ियों में जबरदस्त ऊर्जा का संचार देखने को मिला, यहां खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया, जिनमें अंब्रेला ड्रिल, दुपट्टा ड्रिल, कराटे ड्रिल ने भी



भिवानी। विजेताओं को पुरस्कृत करते स्कूल प्रबंधक मनीष सिंह, निर्देशिका कीर्ति चौहान व प्रधानाचार्या कीर्ति आहूजा। फोटो : हरिभूमि

दर्शकों वाहवाही बटोरी।

वार्षिक खेलकूद दिवस का उद्घाटन अतिथि अभिजीत सिंह और उनकी धर्मपत्नी प्रतिभा सिंह ने मशाल प्रज्वलित करके और गुब्बारों को छोड़ते हुए खेल को शुरू करने का उद्घोष किया।

इंटर हाउस स्पोर्ट्स मीट में मांटेसरी के स्टूडेन्ट्स के बॉल कलेक्टिंग एक्टिविटी, रेबिट रेस, बैकपैक रेस में स्टूडेन्ट्स ने पार्टिसिपेट किया। वहीं जूनियर ग्रुप के स्टूडेन्ट्स के लिए हुपला रेस, थ्री लैग्ड रेस,बैलेंसिंग हॉकी फुटबॉल दौड़, रिले रेस, स्किपिंग द रोप, 200 मीटर स्प्रिंट दौड़ आदि के साथ ही सीनियर ग्रुप के स्टूडेन्ट्स के लिए खो-खो, टायर पुलिंग, बास्केटबॉल, शॉटपुट 100 मीटर दौड़, लॉन्ग जंप, 200 मीटर दौड़ में विद्यार्थियों ने जोश, उत्साह, उमंग और रूचिपूर्वक भाग लिया।

स्टूडेंट्स के माता-पिता के लिए फन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। अतिथियों ने विजेता प्रतियोगियों को पुरस्कार प्रदान किया। समापन के दौरान स्कूल प्रबंधन मनीष सिंह, स्कूल निर्देशिका कीर्ति चौहान व प्रधानाचार्या कीर्ति आहूजा ने अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंट कर धन्यवाद किया।

### थाना साइबर क्राइम टीम ने छात्राओं को धोखाधड़ी से बचाव के प्रति किया जागरूक

**भिवानी।** पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के निर्देश पर थाना साइबर क्राइम भिवानी की टीम ने राजकीय कन्या वमा विद्यालय में छात्राओं को वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराधों और उनसे बचाव के तरीकों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान थाना साइबर क्राइम भिवानी के सिपाही विष्णु ने छात्राओं को साइबर सुरक्षा के महत्व को समझाते हुए बताया कि ऑनलाइन फ्रॉड, साइबर बुलिंग, फिशिंग, हैकिंग और सोशल मीडिया से जुड़े अपराधों से बचने के लिए सतर्क रहना आवश्यक है। टीम ने बताया कि किसी भी अनजान लिंक, कॉल या मैसेज पर भरोसा न करें और अपने व्यक्तिगत विवरण किसी के साथ साझा न करें। साइबर क्राइम थाना की टीम ने छात्राओं को साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 और पोर्टल के बारे में जानकारी दी, जहां वे किसी भी साइबर अपराध की शिकायत दर्ज करा सकती हैं।

हरिभूमि

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

**हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी**
**फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005**

**मृत्यु अंत नहीं है**

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें

भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

# मेरिट प्राप्त करने वाले होनहार सम्मानित

- आदर्श वमा विद्यालय में वार्षिकोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा के आदर्श वमा विद्यालय में वार्षिक उत्सव बड़े धूमधाम से किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि बवानीखेड़ा के विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी बालकिशन यादव ने की।

इसके अलावा कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्राइवेट स्कूल संघ के अध्यक्ष सत्यवान कुंडू व समाजसेवी नरेश यादव ने शिरकत की। मुख्यतिथि ने शानदार आयोजन के लिए प्रधानाचार्य ताराचंद यादव व सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने बताया कि विद्यालय इस क्षेत्र का सबसे पुराना व प्रतिष्ठित विद्यालय है, वे खुद भी विद्यालय के छात्र रह चुके हैं। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सब का मनमोह लिया। वार्षिक उत्सव के कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण का केंद्र वे विद्यार्थी रहे, जिनकी तीन पीढ़ियां विद्यालय में पढ़ चुकी है, जिनको मुख्यतिथि ने सम्मानित किया। इसके अलावा बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर विद्यालय के तीन विद्यार्थियों कोमल , जीना व मोहित को विद्यालय की तरफ से साइकिल भेंट की। कार्यक्रम के दौरान बोर्ड परीक्षा में मेरिट प्राप्त करने वाले छात्र व छात्राओं को भी सम्मानित किया।



बवानीखेड़ा। आदर्श वमा विद्यालय में वार्षिक उत्सव में मेधावियों को पुरस्कृत करते विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि व अन्य। फोटो : हरिभूमि

**प्रधानाचार्य ने किया स्वागत**

प्रधानाचार्य ताराचंद यादव ने अतिथियों का स्वागत किया और बच्चों को लगातार मेहनत करने व अनुशासन का पालन करने के प्रति प्रेरित किया। मंच संचालन उपप्रधानाचार्य प्रवीण कुमार व चंद्रेश कुमार ने किया। इस अवसर पर प्राइवेट स्कूल संघ के राज्य सचिव प्रदीप पूनिया, समाजसेवी व पूर्व जिला पार्षद सतपाल सत्तू ढांडा, सरपंच एसोसिएशन बवानी खेड़ा के अध्यक्ष सचिन सरदाना ने भी विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की।



### इमरान बने अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष

**भिवानी।** भारतीय मजदूर संघ से संबंधित अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ की बैठक सर्किल ऑफिस भिवानी के प्रांगण में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश कोषाध्यक्ष संदीप बागनवाला ने की। भिवानी सर्कल के सभी सदस्यों ने पटका पहनाकर प्रदेश पदाधिकारियों का सम्मान किया। प्रदेश महासचिव ओमबीर यादव ने सर्वसम्मिति से जिला कार्यकारिणी का गठन किया, जिसमें जिलाध्यक्ष इमरान बापोड़ा, उपाध्यक्ष मंजीत एएलएम लोहारू, पवन सिवनी, सचिव अशोक डीईओ, सहसचिव सुनील डीईओ, सह सचिव धर्म सिंह, प्रेस सचिव नरेंद्र भाकर एसए, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र तोशाम 2, सह कोषाध्यक्ष मनवीर डीईओ सिटी, संगठनकर्ता गौरव कौशिक, सलाहकर सुरेन्द्र सुगरपुर एएलएम तोशाम 1, कार्यकारिणी सदस्य सुखबीर एसए बवानीखेड़ा, दीपक एएलएम भिवानी सिटी, कृष्ण एसए बहल, चरणसिंह एएलएम जुई को सर्व सम्मिति से चुना।

## नशामुक्त मैराथन दौड़ व रोवर्स सम्मान समारोह का आयोजन

# जंबूरी में हिस्सा लेकर लौटे चार रोवर्स का सम्मान

- स्वास्थ्य, अनुशासन व सामाजिक जागरूकता की प्रतीक हैं मैराथन दौड़ : विजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हरियाणा राज्य भारत स्काउट गाइड की शाखा चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप एवं नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को जाट धर्मशाला के सामने स्थित चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप के कार्यालय में नशा मुक्त हरियाणा-स्वस्थ हरियाणा की मुहिम के तहत मैराथन दौड़ एवं राष्ट्रीय स्तरीय डायमंड जंबूरी में हिस्सा लेकर लौटे रोवर्स का सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के वाईस चेयरमैन विजेंद्र बड़गुज्जर ने शिरकत की तथा अध्यक्षता ग्रुप कोर्डिनेटर लक्ष्मण गौड़ ने की।



भिवानी। राष्ट्रीय स्तरीय डायमंड जंबूरी से लौटे रोवर्स को सम्मानित करते अतिथि।

**दौड़ में भाग लेने से हृदय होता है मजबूत**

कार्यक्रम में नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी, पार्षद विनोद प्रजापति व एसोसिएट प्रोफेसर अश्विनी संभ्रवाल विशेष तौर पर मौजूद रहे। ग्रुप लीडर सागर व ग्रुप कोर्डिनेटर लक्ष्मण गौड़ ने बताया कि मुख्यतिथि वाईस चेयरमैन विजेंद्र बड़गुज्जर ने सुबह 9 बजकर 58 मिनट पर ध्वजारोहण किया। उन्होंने प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण कर पौधरोपण किया। वहीं फायरिंग कर टैंट व कैंप आदि का निरीक्षण किया। मुख्यअतिथि ने नशा मुक्त हरियाणा-स्वस्थ हरियाणा की मुहिम के तहत मैराथन दौड को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो वैश्य कॉलेज, घंटाघर, हांसी गेट, मुख्य बाजार से होते हुए वापस कार्यालय पर ही संपन्न हुई। इस दौरान बीते दिनों तमिलनाड़ के त्रिची में हुई राष्ट्रीय स्तरीय डायमंड जंबूरी में भाग लेकर लौटे ग्रुप के चार रोवर्स नितेश कुमार, रोवर विजय कुमार, रोवर विवेक, रोवर हर्ष कुमार तथा समाजसेवियों को सम्मानित किया। मैराथन दौड़ में भाग लेने से हृदय, फेफड़ों और संपूर्ण शरीर की कार्यक्षमता बेहतर होती है। बड़गुज्जर ने कहा कि मैराथन दौड़ में भाग लेने से हृदय, फेफड़ों व संपूर्ण शरीर की कार्यक्षमता बेहतर होती है तथा यह मोटापा, उच्च रक्तचाप और मधुमेह जैसी बीमारियों से बचाव में मदद करता है।

### किसान जागरूकता कार्यक्रम आज

**लोहारू।** गिगनाऊ के अर्ध-शुष्क बागवानी उत्कृष्टता केन्द्र में 10 फरवरी को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-वाटरशैड 2.0 के तहत किसानों को जल संग्रहण के प्रति जागरूक करने के लिए वाटरशेड जागरूकता यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला परिषद के सीईओ अजय चोपड़ा व एसडीएम मनोज दलाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में बागवानी की खेती के बारे में भी जानकारी दी जाएगी । तकनीकी विशेषज्ञ डॉ. महावीर सांगवान ने बताया कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत वाटरशेड 2,0 योजना के तहत लोगों को जल संग्रहण के प्रति जागरूक किया जाएगा।